हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 2 फरवरी 2024

तापमान
अधिकतम 19 .8 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

13 संकट मोचन मंदिर में 150 ने करवाई आंखों की जांच



14 कच्चा बेरी रोड के दुकानदारों के बीच पहुंचे पूर्व मंत्री ग्रोवर








## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन
- नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए चलाया जाएगा अभियान
- पटवारियों का धरना जारी
- रोडवेज कर्मचारियों की मीटिंग

### स्वास्थ्य मंत्री पीजीआई में भर्ती अपने एक रिश्तेदार से मिलने पहुंचे

# अचानक पीजीआई पहुंचे विज, बोले मरीजों को नहीं होगी दवाओं की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज बृहस्पतिवार को अचानक रोहतक पहुंचे। उन्होंने पीजीआई में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल में उचित और पर्याप्त मात्रा में दवाई मंगवाए और सभी मरीजों को दवाइयां और ऑपरेशन के जरूरी उपकरण अंदर से ही उपलब्ध करवाएं। मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने चाहिए। वे पीजीआई में उपचाराधीन परिचित का हालचाल जानने के लिए पहुंचे थे।



- आपरेशन के लिए जरूरी सामान पीजीआई में उपलब्ध करवाएं
- इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा
- अंतरिम बजट को जमकर सराहा

### भूपेंद्र सिंह हुड्डा अगर पाक साफ है तो ईडी से डरना नहीं चाहिए

अनिल विज ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नसीहत दी है कि जब तक ईडी क्लीन चिट न दे दे तब तक चुनाव में न आए। अगर निर्दोष हैं तो डरने की कोई जरूरत नहीं। यही नहीं चंडीगढ़ में हुए मेयर चुनाव को पाक साफ बताते हुए अनिल विज ने कहा कि आप पार्टी के लोगों को वोट डालनी ही नहीं आती। इसलिए उनकी जांच कर लेनी चाहिए। स्वास्थ्य एवं गृहमंत्री अनिल विज ने ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर कहा कि ईडी केवल उसी के खिलाफ कार्रवाई करती है जिसके खिलाफ कोई सबूत हो। इसी आधार पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछताछ की जा रही है। क्योंकि उनके शासनकाल में बड़ा भूमि का घोटाला हुआ है। अगर भूपेंद्र सिंह हुड्डा पाक साफ है तो उन्हें डरना नहीं चाहिए। अन्यथा जब तक ईडी क्लीन चिट ना दे दे तब तक उन्हें चुनाव में भी नहीं आना चाहिए।

### भिंडी बनकर रह गया गठबंधन

इंडिया गठबंधन पर अनिल विज बोले कि यह इंडिया गठबंधन नहीं भिंडी गठबंधन बनकर रह गया है और इस गठबंधन के सदस्य ही उसको तल कर खा रहे हैं। क्योंकि सीटों के बंटवारे पर ही इनका तालमेल नहीं बन पा रहा और गठबंधन को बनाने वाले नीतीश कुमार भी छोड़कर जा चुके हैं। जो कांग्रेस हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटें जीतने का दावा कर रही है उन्हें पता होना चाहिए कि देश में भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास इस कदर बढ़ चुका है कि जनता को मालूम है कि देश का विकास भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए अनिल विज बोले कि यह विकसित भारत की ओर देश का सबसे बड़ा कदम है। उन्होंने पीजीआई के बाद पार्टी कार्यालय में भी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की। इस मौके पर पीजीआई के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## गैर शिक्षक कर्मचारी संघ मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मिला



**रोहतक।** गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान रवि सांगवान व चेयरमैन सुरेंद्र हुड्डा की अगुवाई मे प्रतिनिधि मंडल स्वास्थ मंत्री अनिल विज से मिला। उन्हे पीजीआई अलाउंस 4100 करवाने के लिए मांग पत्र सौपा। वरिष्ठ उप प्रधान वीरेंद्र अहलावत, उप प्रधान ऋषि देव कुंडू ने बताया पीजीआई अलाउंस हमे पीजीआई चंडीगढ़ की तर्ज पर दिया गया था। वहां बढ़कर 4100 रुपए हो गया है। हमारा अभी भी 690 रुपये ही है।

# आशीष के हत्यारों का अभी तक सुराग नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

- पुलिस ने रोहतक सहित बहादुरगढ़ में की छापेमारी

गांव इस्माइला में रंजिश के चलते केमिस्ट संचालक आशीष की हत्या के आरोपी गुरुवार को पुलिस के हाथ नहीं लगे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, आशीष हत्याकांड में आरोपियों की तालाश में गांव के अलावा रोहतक और बहादुरगढ़ में भी छापेमारी की, लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा।

बता दें कि गांव इस्माइला का रहने वाला 26 वर्षीय आशीष बेरी रोड पर केमिस्ट की दुकान चलाता था। इसके साथ ही वह प्रोपर्टी डीलर का काम भी करता था। वह मंगलवार रात को घर आकर कमरे में सोया था। इसी दौरान देर रात करीब 2.30 बजे किसी ने दरवाजा खटखटाया। आशीष अपने कमरे से निकलर गेट खोला तो बाहर खड़े बदमाशों ने उसे गोली मार दी। गोली आशीष के दिल में लगी और वह वहीं गिर गया।

गोली की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य भी जाग गए। उसने देखा कि आशीष खून से लथपथ फर्श पर गिर हुआ है। परिवार के सदस्यों ने बाहर जाकर देखा तो कोई नजर नहीं आया। परिजनों ने आशीष को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## रिश्तेदार बनकर ठग लिए 25 हजार रुपये

**महम।** भैणी महाराजपुर गांव के एक व्यक्ति के साथ एक अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल फोन पर रिश्तेदार बनकर 25 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस को दी शिकायत में भैणी महाराजपुर गांव निवासी शिव कुमार पुत्र जोगी राम ने बताया कि उसके पास शाम के समय एक फोन आया कि वह उसका रिश्तेदार बोल रहा है। इस वक्त वह मेडिकल में है और उसे इस वक्त 25 हजार रुपये की सख्त जरूरत है। उसकी बात सही मानकर उसने गूगल पे के जरिए 25 हजार रुपये उसके बताए फोन नंबर में डाल दिए।

## खबर संक्षेप

### करियर काउंसलिंग के उप-निदेशक नियुक्त

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने गणित विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सविता राठी तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी हुड्डा को कॅरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के उप-निदेशक पद पर नियुक्त किया है। एमडीयू के कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि सीसीपीसी के उप निदेशकों को कार्यभार भी सौंपा गया है। डॉ. सविता राठी कॅरियर काउंसलिंग देखेंगी, डॉ. मीनाक्षी हुड्डा मीडिया (न्यूज लेटर, फेसबुक, लिंक्ड इन, कॅरियर इंफोर्मेशन विंडो) देखेंगी, डॉ. सौरभ कांत तथा डॉ. अरूण हुड्डा प्लेसमेंट कार्य देखेंगे। डॉ. अमन वशिष्ठ इंडस्ट्री कनेक्ट का कार्य देखेंगे तथा डॉ. सुखविंदर सिंह देवड़ा स्टूडेंट डाटाबेस देखेंगे।

### युवक पर हमला करने के आरोप में नाबालिग काबू

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने कलानौर निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमला की वारदात में दो नाबालिग युवकों को काबू किया गया है। नाबालिग युवकों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि 25 जनवरी को हरप्रीत घुमने के लिए रेलवे रोड से मंडी की तरफ जा रहा था। उसी समय चार पांच अन्य लड़के पीछे से आये व हरप्रीत पर आरोप लगाते हुए युवकों ने चाकू पेट व कमर पर वार किए। भीड़ जमा होने पर आरोपित फरार हो गए।

## नहीं बने स्ट्रीट वेंडिंग जोन पूर्व पार्षद ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम के पूर्व पार्षद अशोक खुराना ने स्ट्रीट वेंडिंग जोन नहीं बनने पर सवाल उठाए हैं। साथ ही कहा है कि बाजारों से रेहड़ी संचालकों को न हटाया जाए। उन्होंने निगम आयुक्त को भेजे पत्र में कहा कि बापू (डी) पार्क मॉडल टाउन के आसपास पिछले कई वर्षों से दर्जनों परिवार रेहड़ी व फड़ी लगाकर अपने परिवारों का गुजारा कर रहे हैं। पिछले कई दिनों से नगर निगम ने इनको यहां से हटा दिया है जिससे इन परिवारों पर रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। परिवार का पालन पोषण करने में मुश्किलों का सामना कर करना पड़ रहा है। नगर निगम द्वारा स्ट्रीट वेंडिंग जोन बनाने का कार्य पिछले 5 वर्षों से




चल रहा है लेकिन निगम प्रशासन की लापरवाही की वजह से अभी तक स्ट्रीट वेंडर्स को जमीन उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। उन्होंने कहा मौसम व मंदी की वजह से भी रेहड़ी पटरी वालों का कार्य प्रभावित हुआ है। सरकार स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी पटरी वालों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवा रही है। जब कि निगम प्रशासन इनको उजाड़ना चाहता है। इसलिए रेहड़ी वालों को डी पार्क से न हटाया जाए।

## फाल्ट के कारण सांपला के कई गांवों में 24 घंटे बिजली गुल रही

**सांपला।** इलाके में बूंदाबांदी व हवा के चलते कई गांव करीब 24 घंटे अंधेरे में डूबे रहे। दोपहर बाद दोबारा बिजली शुरू हो पाई। बुधवार को इलाके में कभी तेज कभी हलकी बारिश हुई। बारिश के कारण बिजली केबल व ट्रांसफार्मर में फाल्ट आने के कारण हसनगढ़ फीडर से जुड़े कई गांव में करीब 24 घंटे बिजली बंद रही।

### दोपहर बाद सप्लाई

लंबे समय तक बिजली गुल रहने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बृहस्पतिवार को दोपहर बिजली शुरू हुई। तब लोगों को राहत मिली। निगम के एसडीओ ने बताया कि लाइन में फाल्ट होने के कारण बिजली बाधित हो गई थी। जिसको तलाश करने में काफी समय लग गया। इसके बाद सप्लाई शुरू की गई।






# 4 की रैली में हिस्सा लेंगे रोडवेज कर्मी, 16 को चक्काजाम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- हिट एंड रन कानून को लेकर 10 को रणनीति तैयार करेंगे
- मांगे पूरी न होने से रोडवेज कर्मचारी नाराज

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की राज्य कमेटी बैठक राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद की अध्यक्षता में कर्मचारी भवन में सम्पन्न हुई। जिसका संचालन महासचिव सुमेर सिवाच ने किया। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र दिनोद व महासचिव सुमेर सिवाच ने मानी गई मांगों को लागू नहीं करने पर सरकार की जमकर आलोचना की और कहा कि 4 फरवरी को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की रोहतक रैली में हजारों रोडवेज कर्मचारी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि 16 फरवरी को ट्रेड यूनियनों व आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के आह्वान पर हो रही हिट एंड रन कानून के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल में चक्का जाम करने की रणनीति को लेकर 10 फरवरी को यूनियन राज्य कार्यकारिणी की बैठक होगी। डिपुओं के प्रभारी सभी डिपुओं में कार्यकारिणी की मीटिंग कर रैली व हड़ताल की तैयारी करेंगे।



रोडवेज। रैली की तैयारियों को लेकर मंथन करते रोडवेज कर्मचारी।

### आज से गेट मीटिंग

नरेंद्र दिनोद व सुमेर सिवाच ने कहा कि सरकार मांगों की अनदेखी कर रही है जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर 16 फरवरी की राष्ट्रीय हड़ताल की सफलता के लिए 2 फरवरी से डिपुओं में गेट मीटिंग अभियान शुरू किया जाएगा। कई बार सांझा मोर्चा प्रतिनिधिमंडल परिवहन मंत्री, परिवहन विभाग के प्रधान सचिव से मिल चुका है और उनको मांगों से अवगत करवाया जा चुका है, इसके बावजूद अभी तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। बैठक में मांगों को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के महासचिव नरेश कुमार, राज्य वरिष्ठ उपप्रधान शिवकुमार श्योराण, कोषाध्यक्ष सुशील, मुख्य संगठन सचिव रमेश श्योकन्द सहित अन्य मौजूद रहे।

### ये हैं मुख्य मांगें

- परिचालकों व लिपिकों का वेतनमान 35400 किया जाए
- नई पेंशन नीति को बंद करके पुरानी पेंशन नीति को लागू करें
- ट्रांसपोर्ट रूल 1995 में संशोधन करके मुख्यालय व क्षेत्रीय डिपो में कार्यरत लिपिकों की सीनियरिटी एक की जाए
- विभाग के बेड़े में 10000 सरकारी बसों को शामिल किया करें
- ऑनलाइन तबादला पॉलिसी में संशोधन किया जाए
- हरियाणा रोजगार कौशल निगम को भंग किया जाए

एडवाइस / शिखर चंद जैन


कुछ बच्चे एग्जाम के दिनों में बहुत ज्यादा स्ट्रेस में आ जाते हैं। वे एग्जाम प्रिपरेशन को लेकर घबराए रहते हैं। अगर तुम्हारे साथ भी ऐसा है तो हम तुम्हें एग्जाम की प्रिपरेशन के लिए कुछ टिप्स दे रहे हैं। इन्हें अमल में लाकर तुम जब प्रिपरेशन करोगे, तुम्हें कोई स्ट्रेस नहीं होगा, तुम बहुत आसानी से अपने एग्जाम की प्रिपरेशन कर सकोगे।



# जब ऐसे करोगे प्रिपरेशन नहीं रहेगी एग्जाम की टेंशन

बच्चों, एनुअल एग्जाम शुरू होने वाले हैं। शायद तुम्हें घबराहट हो रही होगी। लेकिन जब तुम कुछ बातों को ध्यान में रखोगे, डिसिप्लिन के साथ अपना डेली रूटीन अपनाओगे तो तुम्हें कोई टेंशन नहीं होगी। जानो, एग्जाम की सही ढंग से प्रिपरेशन कैसे हो?

**रोज का बनाओ टाइम टेबल:** बच्चों, आज का काम कल पर टालना और तैयारी का सारा बोझ अंतिम समय पर डालना, ये दोनों बहुत बड़ी गलतियां हैं। ऐसा कभी मत करो। अभी से रोज सुबह, दोपहर और शाम का टाइम टेबल बनाकर अपने सभी विषयों की पढ़ाई करो। जिस विषय में तुम कमजोर हो, उसे ज्यादा समय दो। इसी तरह जिनमें ठीक-ठाक तैयारी हो, उन्हें थोड़ा-सा कम समय देने से भी काम चलेगा। रोज पढ़ाई करने से फायदा यह होगा कि तुम्हें अपना सिलेबस बोझ नहीं लगेगा। तुम्हारे पास जब पर्याप्त समय रहेगा तो तुम सभी विषयों की तैयारी अच्छी कर सकोगे।




**सभी पाठ्य सामग्री साथ रखकर पढ़ाई करो:** हड़बड़ी में हमेशा गड़बड़ी होती है। इसलिए तुम्हें पूरी तरह व्यवस्थित, शांत और संयत रहना चाहिए। अपने पढ़ने की एक जगह फिक्स कर लो। जब भी पढ़ने बैठो, विषय से संबंधित सारी किताबें, कॉपियां, पेन, पेंसिल, रेफरेंस बुक्स आदि साथ में लेकर बैठो ताकि तुम्हें बार-बार उठना ना पड़े। बार-बार बीच में किताबें या कॉपियां ढूंढ़ने से पढ़ाई का तारतम्य और एकाग्रता टूटती है। साथ ही समय नष्ट होता है। ऐसे में कई बार पढ़ने का मन भी नहीं करता है।

**लिखकर याद करो:** कई बार किसी टॉपिक को पढ़ने के बाद हमें यही लगता है कि वो हमें याद हो गया, लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं है। सिर्फ पढ़ लेने से विषय को लंबे समय तक याद रखना संभव नहीं है। बेहतर यही होगा कि जो तुम पढ़ते हो, उसे एक-दो दिन बाद अपनी कॉपी में लिखने की आदत डालो। इससे तीन फायदे हैं। पहला फायदा, सब्जेक्ट का रिवीजन हो जाएगा। दूसरा फायदा, तुम्हारे अलग नोट्स तैयार हो जाएंगे, जो किताबी भाषा से अलग होंगे। तीसरा फायदा, पढ़ते समय तुम सब्जेक्ट को रटने की बजाय समझने की कोशिश करो, क्योंकि तुम्हें एग्जाम में लिखना होगा।



**स्टिकी नोट्स की भी हेल्प लो:** कुछ ऐसे सब्जेक्ट और इनसे जुड़ी बातें ऐसी होती हैं, जिन्हें बच्चे बार-बार भूल जाते हैं। जैसे किसी के लिए इतिहास में लिखे महत्वपूर्ण साल और तारीखें याद करना मुश्किल हो जाता है, तो किसी के लिए भूगोल में भौगोलिक स्थानों की ऊंचाई वगैरह, जबकि कुछ विद्यार्थियों के लिए मैथ के फार्मूले याद करना मुश्किल होता है। ऐसे में स्टिकी नोट्स बनाकर अपनी स्टडी टेबल की सामने वाली दीवार या बेडरूम के साइड की दीवार पर एक जगह चिपका दो। दिन में कई बार इन पर नजर पड़ेगी, तो तुम्हें इन्हें याद रखने में आसानी रहेगी।

**पेपर सॉल्व करने की प्रैक्टिस करो:** कई बच्चे ऐसे होते हैं, जिन्हें पूरे क्वेश्चन पेपर के उत्तर मालूम होते हैं, लेकिन एग्जाम हॉल में उत्तर लिखते समय कुछ सवालों पर ज्यादा समय दे देते हैं। इससे कुछ प्रश्नों के उत्तर आते हुए भी छूट जाते हैं। ऐसे में एग्जाम हॉल में टाइम मैनेजमेंट के लिए घर पर ही पूरी तैयारी करो। अपने सामने घड़ी रखकर पिछले साल के पेपर सॉल्व करो। इससे तुम्हारी प्रैक्टिस हो जाएगी और लिखने की गति को समय के साथ मिलान करने की आदत भी पड़ जाएगी। *

### कॉमिक स्ट्रिप भी एक अच्छा ऑप्शन



अगर तुम क्रिएटिव नेचर के हो, अकसर अपनी पेंसिल से ड्रॉइंग वगैरह करते रहते हो, तो अपनी इस कला का इस्तेमाल एग्जाम की तैयारी में कर सकते हो। तुमने दिनभर में जो-जो पढ़ा है, शाम को उसकी मुख्य बातों को कॉमिक स्ट्रिप की तरह बनाओ। इससे रिवीजन होने के साथ-साथ तुम्हें मुख्य बिंदु याद रहेंगे। इनका इस्तेमाल तुम एग्जाम हॉल में जाने से पूर्व अंतिम समय में उत्तर याद करने के लिए कर सकते हो। *

क्या तुम जानते हो / नयनतारा

# सर्दी में भी हरा-भरा क्यों रहता है देवदार का पेड़

बच्चों, तुमने पाइन यानी देवदार का पेड़ देखा होगा। यह पेड़ गर्मी के दिनों में ही नहीं, सर्दी के मौसम में भी हरा-भरा रहता है। सर्दी में जहां दूसरे पेड़ों की पत्तियां पीली होकर गिर जाती हैं, वहीं देवदार के पेड़ की पत्तियां हरी-भरी ही रहती हैं। ऐसा क्यों होता है, तुम जानना चाहोगे। बच्चों, यह जानने के लिए पहले तुम्हें पेड़ों में पत्तियों की भूमिका को समझना होगा। पेड़ों पर पत्तों के अनेक काम होते हैं। इनमें से पहला काम है, पेड़ों के लिए भोजन बनाना। पत्ते हवा से कार्बन डाइऑक्साइड गैस लेते हैं, जबकि मिट्टी से पानी और खनिज। पत्तों की क्लोरोफिल सूरज से ऊर्जा लेती है, फिर कार्बन डाइऑक्साइड और पानी को शुगर में बदल देती है। पत्तों में जो शुगर बनती है, वह पेड़ का बुनियादी फूड होती है।

बच्चों, पत्ते तो बहुत अधिक पानी लेते हैं। लेकिन पानी का बहुत छोटा हिस्सा ही फूड बनाने के काम में आता है। पत्तों की सतह पर जो लाखों छोटे-छोटे छिद्र होते हैं, उनमें से अधिकतर पानी भाप बनकर उड़ जाता है। जाड़ों में पेड़ों को जमीन से मिलने वाली वाटर सप्लाई बहुत कम हो जाती है। इसलिए इस सीजन में अधिकांश पेड़ अपने पत्ते गिराकर खुद को 'लॉक अप' कर लेते हैं ताकि पत्तों के जरिए वह अपना पानी ना खोएं।



बच्चों, कुछ पेड़ों में अलग प्रकार की पत्तियां होती हैं। इनमें देवदार भी शामिल है। इसकी पतली और सुईं जैसी पत्तियां होती हैं, जिन पर मोटी मोम जैसी परत होती है। इसलिए देवदार के पेड़ पर पत्तियां अनेक वर्षों तक लगी रहती हैं। जब इसकी पत्तियां गिरती हैं तो कुछ समय में ही नई पत्तियां निकल आती हैं। इस तरह देवदार पेड़ की शाखें कभी भी बिना पत्तों के नहीं होती हैं। *

### बूझो तो जानें



1
सर्दी में वह तन को भाए,
खूब मजे से हमें सुलाए।
र और जाई से मिलकर बनती
बोलो वो क्या कहलाए।।

2
हल्की सर्दी में तन को भाए,
यात्रा में भी काम यह आए।
लो और ई में छिपा है राज,
जल्दी बताओ बच्चों मेरा नाम।।

3
आधी बांह का, पूरी का भी,
तन पर पहनें सब सर्दी में।
बच्चे हों, जवान या बूढ़े,
मिलता यह अनेक रंगों में।।

4
सब कपड़ों के ऊपर पहनें,
सर्दी के मौसम में आता काम।
वकील मुझे हर ऋतु में पहनें,
बोलो क्या है मेरा नाम।।



-राकेश चक्र

उत्तर: 1-रजाई, 2-लोई, 3-स्वेटर, 4-कोट

### जीके क्विज-90

1. हाल में किस फिल्म एक्ट्रेस को पद्म विभूषण सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई?
2. एक घंटे में पृथ्वी कितने देशांतर घूमती है?
3. भारत का सबसे लंबे हाईवे का क्या नंबर है?
4. सबसे बड़ा अंडा किस पक्षी का होता है?
5. दुनिया का सबसे बड़ा फल कौन सा है?
6. वर्ल्ड हिप्पो-डे कब मनाया जाता है?
7. विश्व का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
8. हाल में किसने नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली?
9. भारत का प्रथम नागरिक कौन होता है?
10. टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड किसके नाम है?



बच्चों, जीके क्विज-90 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-89 का उत्तर :** 1-फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ, 2-बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, 3-इरविन एंफीथिएटर (अब मेजर ध्यानचंद स्टेडियम), 4-दो वर्ष 11 माह 18 दिन, 5-सन् 1999, 6-परमवीर चक्र, 7-23 जनवरी, 8-चंडीगढ़, 9-पंजाब, 10-केरल

**जीके क्विज-89 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, चेतन-बालोद, गौरव-रोहतक, सुरेश-बिलासपुर, कविता-भोपाल, मंजू-दिल्ली, नरेंद्र-रायपुर

### हंसगुल्ले

**टीचर-** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित-** मैडम, मैं नहीं जानता।
**टीचर-**बिल्कुल सही जवाब।
रोहित मन ही मन बहुत खुश हुआ।
**-मुकेश, भोपाल**

**गोलू-** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**गप्पा-** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
**-अभिषेक, रायपुर**

**सोनू-** पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
**पापा-** चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
**सोनू-** लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
**-खुशी, महेंद्रगढ़**



कहानी
संतोष उत्सुक

आभास को लगता था कि देवी मां से प्रार्थना करने से उसे परीक्षा में अच्छे अंक मिल जाएंगे। एक रात उसे देवी मां ने सपने में दर्शन दिए और बताया कि वास्तव में असली पूजा और प्रार्थना क्या है? जीवन में सफलता सिर्फ पूजा करके नहीं पाई जा सकती। देवी मां ने यह भी बताया सफलता कैसे पाई जा सकती है?

# असली पूजा



आभास अपनी दादी मां के साथ नियमित मंदिर जाया करता है। मंदिर उसके घर के पास ही है। आभास सुबह-सुबह नहा लेता है। दादी मां के साथ मंदिर जाता है। इसके बाद वह स्कूल जाता है।

एक दिन आभास ने दादी मां से पूछा, 'हम मंदिर क्यों जाते हैं?'

'बेटा, मंदिर जाकर हम पूजा और प्रार्थना करते हैं कि देवी मां आप हमारे पढ़ाई, स्वस्थ रहने के प्रयासों में सफलता का आशीर्वाद दें।' दादी ने बताया। आभास को अब यही लगने लगा कि मंदिर जाकर पूजा-प्रार्थना करने से देवी मां उससे प्रसन्न होकर सफलता का आशीर्वाद देंगी, उसे परीक्षा में ज्यादा अंक मिलेंगे। आभास की मम्मी एक स्कूल में अध्यापिका थीं। वह उसे अकसर ही समझातीं, 'बेटा, मंदिर जाकर देवी मां से प्रार्थना करना अच्छी बात है, लेकिन इसके साथ-साथ मन लगाकर पढ़ाई करना भी जरूरी है।'

आभास मम्मी की बात सुनकर थोड़ा दुविधा में रहता। परीक्षा से कुछ दिन पहले आभास अपनी दादी मां, मम्मी-पापा और छोटी बहन अनुभूति के साथ देवी मां की पूजा करने मंदिर गया।

मंदिर परिसर में बहुत लंबी लाइन लगी हुई है। उसने देखा उसके सहपाठी भी अपने मम्मी-पापा के साथ आए हुए हैं। अपना नंबर आने पर देवी मां की प्रतिमा के सामने आकर उसने हाथ जोड़कर, आंखें बंद कर, पूरे मन से प्रार्थना की, 'देवी मां, आप अपना आशीर्वाद दें कि परीक्षा में मुझे अच्छे अंक मिलें।'

रात को आभास की मम्मी ने स्वादिष्ट पकवान बनाए। सभी ने साथ बैठकर खाया। सोते समय आभास के दिमाग में कहीं यह बात थी कि वह बचपन से अपनी दादी के साथ देवी मां के मंदिर जा रहा है। जरूर वह उससे प्रसन्न होकर परीक्षा में ज्यादा अंक प्राप्त करने का आशीर्वाद देंगी।

यह क्या! रात में उसके सामने मुस्कुराती देवी मां प्रकट हुईं और बोलीं, 'बेटा, तुम बचपन से मंदिर में आकर मेरी पूजा करते रहे हो। उससे मैं बहुत प्रसन्न हूं। तुम्हें पढ़ाई में सफलता और हमेशा स्वस्थ रहने का आशीर्वाद देती हूं। लेकिन इन दोनों के लिए तुम्हें स्वयं भी कोशिश करनी होगी। जीवन में मेहनत बहुत जरूरी है, क्योंकि तुम्हारा निरंतर मेहनत करना ही मेरी असली पूजा है। तुम एक विद्यार्थी हो, मेहनत और लगन से पढ़ना ही तुम्हारा पहला कर्तव्य है। तुम्हें रोज सुबह जल्दी उठना चाहिए। मन लगाकर खूब पढ़ना चाहिए, साथ में व्यायाम भी करना चाहिए। मैं तुम्हारी मेहनत और लगन को अपनी पूजा के रूप में स्वीकार करूंगी और हमेशा सफलता का आशीर्वाद देती रहूंगी।'

सुबह जब एकाएक आभास की आंखें खुलीं तो समझ में आ गया कि सपने में देवी मां ने उसे दर्शन दिए हैं। उसने अपना सपना दादी मां और मम्मी को बताया। दादी मां भी बोलीं, 'बेटा, भगवान उसकी सहायता करते हैं, जो अपनी सहायता आप करते हैं। देवी मां ने तुम्हें मेहनत करने की प्रेरणा और आशीर्वाद दिया है, क्योंकि मेहनत ही असली पूजा है।'

आभास के मन में अब कोई दुविधा नहीं थी। उसे समझ आ गया था कि मेहनत ही असली पूजा है। *

कविता / गोविंद भारद्वाज

# धूप सुहानी



धूप सुहानी आई भैया,
राहत कितनी लाई भैया।
सुबह-सवेरे सर्दी में नित,
सबके मन को भाई भैया।
रवि की बेटी बड़ी सयानी,
बन किरणें धरती पर आती।
छू कर इसका सुनहरा रूप,
शबनम पल में छू हो जाती।
चुपके-चुपके मिल कलियों से,
खिलना उनको है सिखलाती।
उड़ते पंछी नील गगन में,
हौले-हौले उनसे बतियाती।
देख फसल क्यारी-क्यारी में,
मंद-मंद नित ये मुस्काती।
फेरे दिन भर लगा धरा के,
देख-देख सबको इठलाती।
ज्यों बढ़ती जाए शीत लहर,
ये कितनी इतराई भैया।
डाल-डाल, पात-पात पर नित,
दे रंगत खूब दिखाई भैया।

अजब-गजब / अंजू जैन

# आधे कटे संतरे जैसी आकृति वाली बिल्डिंग




बच्चों, तुम्हें संतरा फल जरूर भाता होगा। अगर तुम्हें संतरे के आकार वाली बिल्डिंग दिख जाए तो जरूर चौंकोगे। संतरे के आकार वाली ऐसी बिल्डिंग यूएस के फ्लोरिडा राज्य के किसिम्मी शहर में स्थित है। यह बिल्डिंग आधे कटे संतरे के आकार जैसी दिखती है। इस बिल्डिंग का नाम ऑरेंज वर्ल्ड है। यह एक दुकान की बिल्डिंग है, जिसमें संतरे के स्वाद वाली टॉफियां, चॉकलेट्स, जेली, जूस, संतरे के आकार वाले गिफ्ट आइटम और स्मृति चिन्ह भी बिकते हैं। ऑरेंज वर्ल्ड बिल्डिंग को दूर से देखने पर ऐसा लगता है, जैसे जमीन पर आधा कटा संतरा रखा हो। *

### रंग भरो-143

**रंग भरो-143** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**गरिमा, भिलाई**



भावना, बिलासपुर



साक्षी, भिवानी



अमरीन, रायपुर



प्रभात, बिलासपुर




अकृत, झज्जर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

होशिका-बालोद, अवनी-रायपुर, सौम्या-दुर्ग, पूनम-बिलासपुर, पीयूष-भिलाई, पलक-धमतरी, लक्ष्य-रायपुर, रौनक-जांजगीर-चांपा, भावना-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, अमित-बिलासपुर, दिनेश-दिल्ली, यश-भोपाल, राकेश-महेंद्रगढ़, लोकेश-जबलपुर

### रंग भरो 144



बच्चों, यहां पर एग्जाम की तैयारी से जुड़ा एक चित्र दिया गया है, जिसमें दो बच्चियां साथ में स्टडी कर रही हैं। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

### अंग्रेजी शब्द-जाल

बच्चों, नीचे दिए गए इस अंग्रेजी शब्द-वर्ग जाल में पढ़ाई से जुड़े 11 शब्द छिपे हैं। जल्दी से इन्हें खोजकर बताओ।



उत्तर: 1-pencil, 2-notebook, 3-textbook, 4-highlighter, 5-scissors, 6-triangle, 7-globe, 8-compass, 9-backpack, 10-paintbrush, 11-ruler

# सत्ता पक्ष ने बजट को सराहा, विपक्ष ने कहा लोगों के हाथ खाली

## सत्ता पक्ष ने बजट को आम जनता के लिए सराहनीय बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम आम बजट को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों और अन्य प्रतिनिधियों ने अलग अलग प्रतिक्रियाएं व्यक्त की हैं। सत्ता पक्ष ने बजट को आम जनता के लिए सराहनीय बताया है। जबकि विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित आम आदमी पार्टी के नेता अनुराग ढांडा का कहना है कि बजट लोगों के लिए निराशाजनक है। इससे किसी को राहत नहीं मिली।



### अंतरिम बजट सर्वसमावेशी : ढाका

**रोहतक।** भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट सर्वसमाज को लाभ देने वाला है। सर्वविदित है कि प्रधानमंत्री का फोकस इस बात पर है कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक अवश्य हो। ढाका ने कहा कि इसलिए ही प्रधानमंत्री चार सेक्टरों पर ध्यान दे रहे हैं जिसमें युवा, गरीब, महिलाएं व किसान प्रमुख हैं। इन चारों ही बिंदुओं को केंद्र मानकर वित्तमंत्री ने घोषणाएं की हैं जैसे गरीबों के लिए गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 34 लाख करोड़ रुपये गरीबों के खातों में भेजे गए हैं जबकि राशन की योजना निर्बाध चल रही है। एडवोकेट रणवीर ने आगे कहा कि इसी प्रकार 1 करोड़ माता-बहनें लखपति बनी हैं जबकि आने वाले वर्षों में 3 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है।
**कोई नया टैक्स नहीं लगाया-** जिला उपाध्यक्ष व मीडिया समन्वयक हरिओम मित्तल ने कहा कि बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। साथ ही इस बजट में गरीब व मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने पर फोकस किया गया है। उसके 7 नए आईआईटी, 16 नए आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 यूनिवर्सिटी बनाने का निर्णय लिया गया है।

### बजट से कर्मचारी नाराज-संजय सिंहमार



**रोहतक।** पीडीपीएसएस जिला महासचिव संजय सिहमार ने कहा है कि केंद्रीय सरकार द्वारा अपने अंतिम बजट में पुरानी पैंशन बहाली के लिए कोई पहल नहीं किए जाने से देश भर के कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। आज देश के कर्मचारियों की सबसे मुख्य व मुखर मांग ओपीएस बहाली है, इसकी अनदेखी आगामी लोकसभा चुनाव में सरकार को भारी पड़ सकती है। लगातार मांग के बावजूद कर्मचारियों को उनके संवैधानिक अधिकार से वंचित रख एनपीएस के माध्यम से पुंजीवाद को मजबूत करना निंदनीय है।

### विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी लोकेश शर्मा ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम आम बजट को ऐतिहासिक, समावेशी और नवोन्मेषी करार दिया और कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि बजट में वंदे भारत स्टैंडर्ड की 40 हजार आधुनिक बोगियां बनाकर, उन्हें सामान्य यात्री ट्रेनों में लगाने का ऐलान किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे देश के अलग-अलग रेल रूट पर करोड़ों यात्रियों में आरामदायक यात्रा का अनुभव बढ़ेगा। उन्होंने कहा, इस बजट में गरीब और मध्यम वर्ग को सशक्त करने और उनके लिए आय के नए अवसर बनाने पर भी जोर दिया गया है।

### बजट से अनगिनत रोजगार के अवसर मिलेंगे: कपूर



**रोहतक।** मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर राजकुमार कपूर ने बताया कि यह अंतरिम बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभों युवा, गरीब, महिला और किसान को सशक्त बनाएगा। 21वीं सदी के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के साथ ही युवाओं के लिए अनगिनत रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। इस बजट में गरीब और मध्यम वर्ग को सशक्त करने और उनके लिए आय के नए अवसर बनाने पर भी जोर दिया गया है। कपूर ने कहा कि पिछली सरकारों ने आमजन के सिर पर दशकों से ये बहुत बड़ी तलवार लटका कर रखी थी। बजट में किसानों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण और बड़े निर्णय लिए गए हैं। नैनो यूरिया का उपयोग हो, पशुओं के लिए नई योजना हो, पीएम मत्स्य संपदा योजना का विस्तार हो और आत्मनिर्भर ऑयल सीड अभियान हो, इससे किसानों की आय बढ़ेगी और खर्च कम होगा।

### गरीब, महिलाओं, युवा और किसान के लिए सराहनीय है बजट



**रोहतक।** गरीब, महिलाएं, युवा और किसान पर फोकस कर पेश किया गया अंतरिम बजट देश को आगे लेकर जाने में अहम योगदान देगा। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी के रोहतक कार्यकारिणी के सदस्य कपिल सहवाल का। उन्होंने देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का इस सरकार के आखिरी बजट को पेश करने पर बधाई दी और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के बाद फिर से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। देश में 3 हजार नई आईटीआई बनी, उच्च शिक्षा के लिए 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 यूनिवर्सिटी स्थापित की। उन्होंने बताया कि पीएम किसान योजना ने किसानों की जिंदगी में उजाला लाने का काम किया है, करीब 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद पहुंची है। इस बजट में 2047 के भारतत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है।

### यह देश के भविष्य के निर्माण का बजटः अरविंद शर्मा



**रोहतक।** भाजपा सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बजट को आत्मनिर्भर और ऐतिहासिक बताया है। सांसद ने कहा कि है जो पूर्ण रूप से परिलक्षित करता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित, आत्मनिर्भर, विश्व गुरु बनने के लक्ष्य के प्रति गति के साथ आगे बढ़ चुका है। बजट में किसानों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, वहीं नए एम्स और एयरपोर्ट खोलने की भी घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि बजट में महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं और 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है और यह देश के भविष्य के निर्माण का बजट है, जो विकसित भारत के चार स्तंभों क्रमशः युवा, गरीब, महिला और किसान को सशक्त बनाएगा।

### वित्त मंत्री ने पेश किया मोदी सरकार का विदाई बजट



**रोहतक।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने केंद्रीय बजट को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ये मोदी सरकार का विदाई बजट है। इस बजट में जनता की आकांक्षाओं का कोई भी ध्यान नहीं रखा गया। लोगों ने सोचा था कि मोदी सरकार अपने दस साल के कार्यकाल हिसाब किताब भी इस बजट में देगी। युवाओं को 2 करोड़ सालाना की दर से 20 करोड़ रोजगारों का इंतजार था। उन्होंने कहा कि अपने दोस्तों के 15 लाख करोड़ माफ कर देने वाली सरकार से किसानों को भी अपने कर्ज माफ करने की उम्मीद थी। वहीं करदाताओं के लिए भी कोई खास प्रावधान नहीं किया गया। भविष्य के इन्फ्रास्ट्रक्चर के बारे में भी कोई प्रावधान नहीं किया गया। इसके साथ महिला आरक्षण को लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी लागू करवाने के लिए भी कोई खास प्रावधान नहीं था। इससे साबित होता है कि मोदी सरकार जनता से पूरी तरह से कट चुकी है। उन्होंने कहा की इस बजट में देश के बेरोजगार युवाओं के लिए, महिलाओं के लिए, किसानों के लिए और किसी भी वर्ग के लिए कोई प्रावधान नजर नहीं आता है।

### बजट ने हर वर्ग को किया निराशः हुड्डा

**रोहतक।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बजट के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी की गई है। इससे ना करदाता को कोई राहत मिली, ना इसमें बेतहाशा महंगाई को कम करने का कोई रोडमैप दिखाई दिया। इसमें किसान की एमएसपी व अन्य मांगों को भी पूरी तरह नजर अंदाज किया गया है। गृहणी, मजदूर, कर्मचारी और व्यापारी वर्ग को भी बजट से सिर्फ निराशा हाथ लगी।



**पटवारियों के धरने पर पहुंचे हुड्डाः** भूपेंद्र सिंह हुड्डा पटवारियों के धरनास्थल पर गए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा जेजेपी ने धरनारत कर्मचारियों के साथ धोखा किया है। सरकार ने पहले मांग मानने का आश्वसन दिया और अब उसको अमलीजामा पहनाने से पीछे हट रही है। कर्मचारियों के आंदोलन की वजह से बहुत सारे काम प्रभावित हो रहे हैं और जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### विकसित भारत के सपने को पूरा करेगा बजटः खरक



**रोहतक।** भाजपा मीडिया प्रदेश सह प्रमुख शमशेर सिंह खरक शमशेर सिंह खरक ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत के सपने को पूरा करने का बजट है।

### नौकरी पेशा व पेंशन भोगियों के लिए अंतरिम बजट निराशाजनक



**महम।** महम निवासी पूर्व प्राचार्य कर्मवीर सिंह ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बजट नौकरी पेशा और पेंशनभोगी लोगों के लिए निराशाजनक साबित हुआ है। नौकरी पेशा व पेंशनर्स को उम्मीद थी कि इस बार का बजट चुनावी बजट है और कुछ अच्छा होगा। लेकिन बजट वही ढाक के तीन पात वाली कहावत चिरतार्थ कर गया। बजट भाषण का अधिकांश भाग सरकार के कार्यों का प्रचार में ही दिखा। वित्तमंत्री आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किए गए कार्यों का ही वर्णन करती रही, भविष्य में किए जाने वाले कार्य के लिए धन की व्यवस्था कैसे की जाएगी, इसकी कोई ठोस बात नहीं बताई गई।

### जनहित, किसान हित और गरीब कल्याण और गरीबी को समाप्त करने वाला बजटः चेयरपर्सन मंजू हुड्डा



**रोहतक।** जिला परिषद चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इससे पहले भी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बहुत अच्छे बजट प्रस्तुत किए गए। आज भी बहुत अच्छा बजट प्रस्तुत किया गया। इस बजट के जरिए यह स्पष्ट हुआ है कि 2047 तक भारत दुनिया का सबसे विकसित देश बनेगा क्योंकि हर बिंदु पर इसके संकेत मिल रहे हैं कि कैसे भारत विकास यात्रा पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश की जनता के विकास के लिए यह बजट बहुत महत्वपूर्ण है। यह बजट पिछले 10 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था के गुणात्मक और मात्रात्मक परिवर्तन का एक उत्कृष्ट सारांश है।

### भाजपा का अन्तरिम बजट लोगों से महज एक मजाक

रोहतक। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राज्य सचिव कामरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार का अंतरिम बजट गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं व विद्यार्थियों के साथ महज एक मजाक है। देशवासियों को विकसित भारत का झुनझुना थमाने और विकास के नाम पर कागजी घोड़े दौड़ाने की कसरत के अलावा इसमें जनजीवन असल सवालों को छुआ तक नहीं गया है।

### मोदी सरकार के बजट में किसी को कुछ नहीं मिलाः गुलशन इशपुनियानी



**रोहतक।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और शोरी क्लॉथ मार्केट के प्रधान गुलशन इशपुनियानी ने केंद्र सरकार के बजट पर सवाल उठाए हैं। गुलशन का कहना है कि व्यापारियों और उद्योगपतियों को राहत दी जा सकती थी, लेकिन सरकार ने बजट में ऐसी कोई घोषणा नहीं की। भाजपा की केंद्र सरकार ने जो बजट पेश किया है, वह निराश करने वाला है। हालांकि अंतरिम बजट था, लेकिन सरकार इनकम टैक्स स्लैब में छूट देकर आम लोगों को राहत दे सकती थी। लेकिन ऐसा नहीं किया। स्लैब बढ़ाया नहीं गया। भाजपा को आम जनता से कोई लेना नहीं है। व्यापारियों को कोई राहत नहीं दी गई। बजट से हर कोई निराश है। कांग्रेस नेता गुलशन इशपुनियानी ने कहा कि भाजपा जानती है कि जनता ने अब उसे नकार दिया है, इसलिए किसी को राहत देने का काम नहीं किया।

## शिक्षा भारती विद्यालय में शुरू हुआ एनएसएस कैंप



**रोहतक।** शिक्षा भारती विद्यालय रामनगर में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ वीरवार को हुआ। विद्यालय की छात्राओं द्वारा समूहगान प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता बीना कौशिक ने एनएसएस कैंप की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश की सबसे बड़ी धरोहर आज के बच्चे हैं, क्योंकि यह बच्चे ही आने वाले भारत के युवा नागरिक होंगे जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनुराग जैन ने छात्राओं से एनएसएस कैंप की आवश्यकता और कार्यों पर चर्चा की। प्राचार्य ममता भोला ने बताया कि एनएसएस कैंप का उद्देश्य छात्रों के अंदर सेवा, संस्कार, समर्पण, त्याग जैसी भावनाओं के विकास के साथ-साथ अनेक प्रकार की सेवाओं के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर महेश अहलावत, गीता वधवा, विद्यालय प्रचार प्रमुख सरिता शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली



**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिठाल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैम्प के दूसरे दिन वीरवार को बच्चों ने गांव में जागरूकता रैली निकाली। पॉलिटिकल साइंस प्रवक्ता राजवीर ने लोकतंत्र के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। कार्यक्रम अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि एनएसएस से हमें मिलकर देश की बेहतरी के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है और यह लोकतंत्र के विचार को मजबूत करने के लिए जरूरी है। होम साइंस प्रवक्ता शिल्पी ने नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए इससे दूर रहने की बात कही।

## जाट शिक्षण संस्था चुनाव के लिए प्रशिक्षण 3 को

**रोहतक।** जाट शिक्षण संस्था के 4 फरवरी को होने वाले कॉलेजियम के चुनाव के लिए संस्था के कर्मचारियों और अधिकारियों को निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव करवाने का विशेष प्रशिक्षण 3 फरवरी को जाट स्कूल के सभागार में दिया जाएगा। यह जानकारी जाट शिक्षण संस्था के प्रशासक के ओएसडी डॉ. नवनीत अहलावत ने एक बैठक के दौरान दी। डॉ. अहलावत ने बताया कि चुनाव प्रबंधन के लिए कई विशेष कमेटियां भी बनाई गई हैं। इन कमेटी के सदस्यों ने बनाए गए सभी पोलिंग स्टेशनों के प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि संस्था के छह स्कूलों और कॉलेजों में 95 कॉलेजियमों के लिए पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। जिसमें कॉलेजियम एक से 12 तक के मतदान केंद्र छोटूराम पॉलीटेक्निक में बनाए गए हैं। वहीं महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में कॉलेजियम नंबर 13 से 36 तक के मतदान केंद्र बने हैं। डॉ. अहलावत ने बताया कि जाट हाई स्कूल में कॉलेजियम नंबर 37 से 60 तक के केंद्र बने हैं। वहीं कॉलेजियम नंबर 61 से 72 तक के मतदान केंद्र छोटूराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बनाए गए हैं।






# छात्रों को यातायात के नियमों की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिटौली में चल रहे सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप की शुरूआत वीरवार को अध्यापकों व स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस गीत व योग से की गई। सुबह के सत्र में राजबीर, गुलशन, जीतपाल राठी द्वारा स्वयंसेवकों को अलग-अलग विषयों की जानकारी प्रदान की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र दहिया ने बच्चों को स्वयं सेवा के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें खुद भी सक्षम, सबल और आत्मविश्वासी बनने की प्रेरणा दी। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि जोगिंद्र सिंह इंस्पेक्टर ट्रैफिक व राजेश एएसआई ट्रैफिक और उनकी आईडीटीआर टीम के सदस्यों ने ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी।

## जाट शिक्षण संस्था के पूर्व प्रधान डीसी एसपी से मिले

**रोहतक।** जाट शिक्षण संस्था के 4 फरवरी को होने वाले चुनावों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए पूर्व प्रधान राज सिंह नांदल उपायुक्त अजय कुमार व पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग से मिले। राज सिंह नांदल ने उपायुक्त डॉ. अजय कुमार से मुलाकात के दौरान कहा कि संस्था परिसर में कुछ अवांछित तत्व फर्जी पहचान पत्रों के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया को बाधिक कर सकते हैं। इसके अलावा संस्था चुनाव में कुछ आपराधिक पृष्ठभूमि के लोग विवाद करने की फिराक में हैं क्योंकि उन्हें अपनी हार का अहसास हो गया है। राज सिंह नांदल ने उपायुक्त को बताया कि कई उम्मीदवारों ने मतदाताओं के पहचान पत्र अपने कब्जे में ले रखे हैं। ये पहचान पत्र अविलम्ब उन आजीवन सदस्यों को लौटाने चाहिए ताकि वे मतदान कर सकें। उन्होंने कहा कि 105 में से अब मात्र 95 कॉलेजियम का ही चुनाव होना है क्योंकि 10 कॉलेजियम का चुनाव सर्वसम्मति से हो गया है।

## पेंटिंग कलाकार सदाराम ने मदवि के कुलपति के ओएसडी को भेंट की पेंटिंग

**रोहतक।** पेंटिंग कलाकार सदाराम ने मदवि के कुलपति के ओएसडी डॉ. राजीव शर्मा से मुलाकात कर उन्हें उनकी एक पेंटिंग भेंट की। वहीं, मदवि के कुलपति 2019 में कोरोना पर आधारित पेंटिंग, 2023 में प्रयावर्ण पर आधारित पेंटिंग भेट की थी। साथ ही 2024 शहीदों की यादगार पर आधारित पेंटिग भेट की। गौरतलब है कि 72 वर्षीय कलाकार सदाराम अब तक लगभग 760 पेंटिंग बनाकर राष्ट्रीय नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को भेंट कर चुके हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, ज्ञानी जैल सिंह, पूर्व राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया, बाबू परमानंद, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, लोकसभा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा, प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल, भजनलाल और भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व कुलपति



हरद्वारी लाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को पेंटिंग बना कर भेंट की है। कलाकार सदाराम देश-विदेश में भी अपनी कला का लोहा मनवा चुके हैं। उनकी कलाकृतियों ने समाज में भाईचारे की अमिट पहचान बनाई है। चंडीगढ़ से फाइन आर्ट की डिग्री हासिल करने वाले कलाकार सदाराम कई स्कूल और कॉलेजों में फाइन आर्ट्स के शिक्षक की भूमिका भी निभा चुके हैं। उन्होंने बताया कि वे जल्द ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी उनकी एक पेंटिंग बना कर भेंट करेंगे।

## मेडिटेशन के फायदे बताए

**रोहतक।** पीएमश्री राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को आयुष विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा सूर्य ममस्कार करवाया गया। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रुस्तुतियां हुई। हर्टफुलनेस संस्था से प्रवीन व वीरमती ने मेडिटेशन करवाया और मैडिटेशन के फ़ायदे बताये। साथ ही जीवन में इसको अपनाने के लिये विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

# हर बूथ पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए : ढाका

- गांव चलो अभियान की सफलता के लिए जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मिशन 2024 की मजबूती के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्र स्तर पर शुरू किए गए गांव चलो अभियान को रोहतक जिले में सफल बनाने के लिए वीरवार को भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में गांव चलो अभियान जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका ने कहा कि गांव चलो अभियान को रोहतक जिले में पूर्णतः सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता निष्ठा और जी जान से काम करें। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान प्रभावशाली व समक्ष कार्यकर्ताओं का चयन करें तथा उनकी ड्यूटियां निर्धारित करें। रणबीर ढाका ने कहा कि जिले के सभी 13 मंडलों में सक्षम कार्यकर्ताओं को मुख्य वक्ता बनाकर 24 घंटे के प्रवास के लिए एक गांव से दूसरे गांव अथवा एक वार्ड से दूसरे वार्ड में भेजा जाएगा। इसके लिए 3 फरवरी को जींद में कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें चयनित कार्यकर्ताओं को प्रवास के दौरान क्या क्या करना है उसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। मेरा बूथ सबसे मजबूत नारे के साथ सभी कार्यकर्ता बूथों की मजबूती को सुनिश्चत करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हर बूथ पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

# संकट मोचन मंदिर में 150 ने करवाई आंखों की जांच



**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में चल रहे वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन वीरवार को आंखों की जांच का कैंप लगाया गया। इस दौरान डॉ. ओमवीर राठी व उनकी टीम ने 150 रोगियों की आंखों की जांच की तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां और चश्मे भी वितरित किए। डॉ. राठी ने बताया कि शिविर में 23 रोगियों को मोतियाबिंद के लक्षण पाए। उन्होंने कहा कि मोतियाबिंद रोगियों का ऑपरेशन व दवाईयां निशुल्क दी जाएंगी। डॉ. राठी ने आंखों की देखभाल करने के बारे में विस्तार से समझाया और मोबाइल के कम इस्तेमाल की सलाह दी। इस दौरान साध्वी मानेश्वरी देवी ने 100 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए। उन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्ट की ओर से समय समय पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर और जरूरतमंदों बच्चों की पढ़ाई और स्टेशनरी भी दी जाती है। साध्वी मानेश्वरी देवी ने भक्तमाल कथा का वर्णन किया। कथा 3 फरवरी तक चलेगी। उन्होंने बताया कि भागवत कथा तो हमें मोक्ष का ज्ञान देती है, लेकिन भक्तमाल कथा कलयुग में भक्ति का संदेश देती है। भक्तमाल कथा सुनने से हमें प्रभु की भक्ति व शक्ति मिलती है।


TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600










मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES

| | |
|---|---|
| BAMS Doctor | 2 |
| Nursing Staff | 6 |
| RMO | 4 |
| Computer Operator | 1 |
| Accountant | 1 |
| Gatekeeper | 3 |
| Sweeper | 2 |

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# पूर्व मंत्री दोबारा पहुंचे कच्चा बेरी रोड समस्याओं का करवाया समाधान

## ग्रोवर बोले, जब तक सभी समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं हो जाता, चैन से नहीं बैठूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष व पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर नगर निगम के अधिकारियों के साथ कच्चा बेरी रोड पर दुकानदारों की समस्याओं के समाधान के लिए दोबारा पहुंचे। ग्रोवर ने कहा कि जब तक इस इलाके के लोगों की समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं हो जाता, तब तक वह चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी इस इलाके की समस्याओं को गंभीरता से ले वरना मुख्यमंत्री कड़ा संज्ञान लेंगे। पूर्व मंत्री ग्रोवर करीब 2 घंटे तक कच्चा बेरी रोड पर लोगों के बीच रहे।

उन्होंने कुछ दिन पहले किए दौरे के बाद नगर निगम व पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा किए गए कामों को देखा। उनके साथ नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर राकेश सैनी और अधिकारियों ने लोगों से बातचीत करके उनकी समस्याओं को नोट किया और जो समाधान मौके पर होने के थे, उन्हें किया गया। आसपास के दुकानदारों और महिलाओं ने पूर्व मंत्री ग्रोवर को विस्तार से स्थिति से अवगत करवाया और कहा कि आपके दौरे के बाद अधिकारी हरकत में आए हैं और उन्होंने कुछ काम शुरू किए हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि वह बिल्कुल चिंता ना करें। भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता उनकी सेवा के लिए तत्पर है और जो भी दिक्कतें हैं, उन्हें दूर कराया जाएगा। उन्होंने पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों के साथ बैठ कर इस पूरे इलाके के स्थाई समाधान को लेकर विस्तार से मंथन किया और उपस्थित दुकानदारों ने जो भी सुझाव दिए, उन्हें लागू करने के लिए कहा। साथ ही कहा कि नालों की नियमित रूप से सफाई करवाई जाए। इस दौरान कच्चा बेरी रोड से अरुण उप्पल, तरुण सन्नी शर्मा पब्लिक हेल्थ के अधिकारी भी मौजूद रहे। दुकानदारों ने कच्चा बेरी रोड स्थित मंदिर के सौंदर्यकरण व नवीनीकरण को लेकर पूर्व मंत्री के समक्ष मांग रखी। उन्होंने मंदिर में पूजा पाठ किया । उन्होंने कहा कि जब अयोध्या में प्रभु श्री राम जी का भव्य मंदिर बन सकता है तो इस इलाके के लोगों के लिए भी मंदिर के नवीनीकरण का हरसंभव काम होगा।



रोहतक। कच्चा बेरी रोड पर लोगों की समस्याओं के नगर निगम के अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ।

### संयुक्त आयुक्त ने दौरा कर डेयरी संचालकों को दिए निर्देश

■ सभी डेयरी मालिकों से अविलम्ब अलॉट किए गए स्थान पर डेयरियां शिफट करें

नगर निगम के संयुक्त आयुक्त राकेश सैनी ने डेयरी संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वह गोबर को नालियों व सीवर में न बहाएं। ऐसा करने से सीवर ओवरफलो हो रहे हैं। उन्होंने डेयरियों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कन्हेली डेयरी काम्प्लेक्स में उन्हे डेयरी बनाने के लिए प्लाट आवंटित किए गए थे। आवंटन पत्र के अनुसार, उनके द्वारा अलॉटमेंट के तीन माह के अन्दर डेयरियां शिफ्ट की जानी थी। ऐसा न करने की स्थिति में उनका अलॉटमेंट भी रद्द किया जा सकता है। इसलिए सभी डेयरी मालिकों से अनुरोध है कि वे अविलम्ब अलॉट किए गए स्थान पर डेयरियां शिफट करना करना सुनिश्चित करें अन्यथा अलॉटमेंट पत्र में निहित शर्तो अनुसार उनका अलाटमेंट रद्द किया जायेगा। 8 फरवरी को डेयरी मालिकों के साथ मीटिंग की जाएगी।

## 15 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर 4 फरवरी को होगी आक्रोश रैली

■ सरकार ने मांगें पूरी नहीं की तो 16 को प्रदेशभर में कर्मचारी करेंगे हड़ताल

रोहतक। 15 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा 4 फरवरी को रोहतक में राज्य स्तरीय आक्रोश रैली करेगा। जिसके लिए जिलों में संघ के कार्यकर्ता जोर शोर से तैयारियां कर रहे हैं। सरकार कर्मचारियों से संबंधित मांगों का अति शीघ्र समाधान करे। अगर रैली के बाद भी सरकार मांगों को पूरा नहीं करती तो 16 फरवरी को प्रदेश के तमाम कर्मचारी हड़ताल करेंगे।

राज्य महासचिव नरेश कुमार, उपप्रधान सुमेर सिवाच व राज्य कमेटी सदस्य प्रेम ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने के प्रति गंभीर नहीं है। इसलिए ये निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से लगे तमाम कच्चे कर्मचारियों को दो वर्ष के कार्यकाल के आधार पर नीति बना कर नियमित किया जाए, जनवरी 2006 से भर्ती हुए कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। कौशल रोजगार निगम को भंग करके विभागों में खाली पदों को भरा जाए



## खेलों से होता शारीरिक-मानसिक विकास: डॉ. इंदु

सांपला। सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पहले दिन चार प्रतिहुताई कराई गई। खेलों का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. इंदु रोहिला ने किया। उन्होंने कहा कि खेलों से युवाओं का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। प्रत्येक युवा को किसी ने किसी खेल में रुचि रखनी चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मांगेराम रहे जबकि मंच संचालन डॉ. मीनाक्षी व डॉ. अनिल ने किया। इस प्रतियोगिता में 1500 मीटर रेस में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान प्रथम, शालिनी द्वितीय और साक्षी तीसरे स्थान पर रही। शॉट पुट में रिंकू प्रथम, मीनाक्षी द्वितीय, यशु तृतीय स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में मनीषा प्रथम, साक्षी द्वितीय और रिंकू तीसरे स्थान पर रही। जैवलिन थ्रो में रिंकू प्रथम, नैंसी द्वितीय, शालिनी तृतीय स्थान पर रही।



## सांघी स्कूल में बच्चों को ध्यान का अभ्यास करवाया

रोहतक। गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांघी में वीरवार को एनएसएस कैंप जारी रहा। वीरवार को एनएसएस कैम्प के दूसरे दिन हर्टफुलनेस ध्यान संस्था से राजबीर सिंह हुड्डा ने स्वयंसेवको को ध्यान का अभ्यास कराया। साथ ही उन्होंने स्वयंसेवकों को मेडिटेशन संबंधी अनेक प्रकार की बातें भी बताई।

## श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल स्कूल में कल्पना चावला को श्रद्धांजलि दी



रोहतक। श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक विद्यालय में कल्पना चावला की पुण्यतिथि पर निदेशक हंसराज बालवान, प्राचार्य सुरेंद्र सिं आदि ने कल्पना चावला के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान विद्यालय में स्लोगन राइटिंग, भाषण और पोर्ट्रेट प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक हंसराज बालवान व अध्यक्षता प्राचार्य सुरेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम में छठी व सातवीं के कैडेट्स व पब्लिक विद्यालय के तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हंसराज बालवान ने कहा कि कल्पना चावला का जन्म 17 मार्च 1962 में हरियाणा के करनाल में हुआ था। कल्पना की पहली अंतरिक्ष उड़ान स्पेस शटल कोलंबिया एसटीएस-87 से हुई। इस उड़ान के साथ कल्पना ने भारत का नाम रौशन किया क्योंकि ऐसा कारनामा करने वाली कल्पना पहली भारतीय महिला थी।

## इंडस स्कूल में प्राणायाम का अभ्यास करवाया





■ सत्यवान आर्य योग प्रशिक्षक ने स्वयंसेवकों को सूर्य नमस्कारकराया

रोहतक। इंडस पब्लिक स्कूल में चल रहे एनएसएस कैम्प के दूसरे दिन विद्यार्थियों को अन्तर्मन शुद्धिकरण के साथ-साथ भोजन संबंधित नियमों से अवगत करवाया गया।

सुबह के सत्र में सत्यवान आर्य योग प्रशिक्षक ने स्वयंसेवकों को सूर्य नमस्कार के साथ-साथ अन्य प्राणायाम का अभ्यास करवाया और उसकी महत्ता का वर्णन किया। शाम के सत्र में मुख्य अतिथि प्रदीप जेलपुरिया मिमिक्री आर्टिस्ट ने स्वयंसेवकों को हरियाणवी संस्कृति का महत्व बताया। स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों से अवगत करवाया गया और स्वयंसेवकों को यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

विद्यालय की निदेशक प्राचार्या डॉ. सुषमा झा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

## अन्ध प्रकाश विद्यालय को खाद्य सामग्री भेंट की



रोहतक। इंडस पब्लिक स्कूल के कक्षा सातवीं व आठवी के विद्यार्थी वीरवार को कपिल अन्ध प्रकाश विद्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र में गए। डायरेक्टर प्रधानाचार्य सुषमा झा ने बताया कि वहां पर छात्रों को खाद्य व पेय पदार्थ भेंट किए गए। विद्यार्थियों ने उनके अध्ययन की पद्धति, खान-पान, रहन-सहन के तौर तरीकों के बारे में जानकारी हासिल की। बच्चों ने ब्रेल लिपि व श्रवण विधि द्वारा कम्प्यूटर चलाते देखा। स्पर्श विधि से पढ़ने की विधि जानी। दृष्टिबाधित बच्चों ने अनेक प्रकार के खेल क्रीड़ा और नृत्य करके दिखाया। विद्यार्थियों ने उनके आत्मविश्वास, प्रयास और लगन की सराहना की। चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु व विद्यालय की डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने कहा कि विद्यालय की तरफ से समय-समय पर आवश्यकता के अनुरूप मदद की जाती है। इससे विद्यार्थियों में सहयोग की भावना का विकास होता है व जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत का लाभ पहुंचाने की प्रेरणा जागृत होती है। इस तरह विद्यार्थी समाज में दुःख-सुख बांटकर सहयोग की भावना सीखते हैं।

